तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 13 जुलाई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


12 शासन की योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यक वर्ग को मिलेः कलेक्टर



10 वित्त आयोग की पंचायत, नगरीय निकाय एवं ...

स्थापना वर्ष 2014
VIPS
आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें ...
विजन पैरामेडिकल
INFORMATION *CAREER GUIDANCE *ADMISSION
* COUNSELING & COACHING CENTER
प्रवेश प्रारंभ
गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य हैं।
मोबा. 9340751120, 9131330801
गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
पता: रायपुर रोड, शासकीय पी.जी. कॉलेज के सामने, सृजन ITI के पीछे, कोबिया, बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)
योग्यता - 12 वीं (जीव विज्ञान)
COURSES
BACHELOR IN MED.LAB. TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB. TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Year


## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: - मो.- 76972 12782 (1) पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़- 490023**

आवेदन की अंतिम तिथि 20/07/2024
फायर सेफ्टी के कोर्स
- डिप्लोमा फायर एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
- डिप्लोमा हेल्थ सेनिटरी इंस्पेक्टर
- सब-फायर ऑफिसर
- बी.एस.सी. फायर सेफ्टी



Advt.


## खबर संक्षेप

### एक पेड़ मां के नाम अभियान में लगाए गए पौधे




**बेरला।** केंद्र सरकार के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम के परिपालन में आंगनबाड़ी केंद्र टकसींवा के सहयोग से आयुष्मान आरोग्य मंदिर शासकीय आयुर्वेद औषधालय टकसींवा के परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें परिसर में आम, जामुन, आंवला, अमरुद आदि औषधी महत्व के अनेक पौधों का रोपण किया गया। इस कार्यक्रम में शासकीय आयुर्वेद औषधालय के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुश कुमार साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गायत्री परगनिहा, रीना पाटिल, शिक्षिका चेतना साहू, औषधालय के कर्मचारी दिगम्बर निकोड़े, होरी लाल यादव, मितानिन मीना धीवर, दीपक एवं बड़ी संख्या में स्कूल व आंगनबाड़ी के बच्चे उपस्थित रहे।

### खरीफ फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 तक

**बेमेतरा।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत प्राकृतिक आपदाओं जैसे ओलावृष्टि, भू-स्खलन, जल भराव, बादल फटना, आकाशीय बिजली के अंतर्गत अधिसूचित फसलों के नष्ट होने की स्थिति में किसानों को बीमा कवरेज और नुकसान की भरपाई करने हेतु शासन द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की शुरूआत की गई है। जारी अधिसूचना अनुसार सभी ऋणी-अऋणी किसानों से बैंक या प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समिति या लोक सेवा केंद्र या ऑनलाईन पंजीयन या बीमा अभिकर्ता से बीमा प्रस्ताव प्राप्त करने एवं प्रीमियम कटौती करने की अंतिम तिथि खरीफ फसलों के लिए 31 जुलाई है। योजनांतर्गत जिले में खरीफ फसल हेतु धान-सिंचित, धान-असिंचित, मक्का, अरहर, सोयाबीन, मूंग , उड़द, मूंगफली, कोदो, कुटकी व रागी फसलें अधिसूचित हैं, जिसके लिए प्रीमियम राशि बीमित राशि का 2 प्रतिशत जमा करना है, जो कि किसान द्वारा वहन किया जावेगा। धान, सोयाबीन व मक्का फसल के लिए 'बीमा इकाई ग्राम' निर्धारित किया गया है। शेष समस्त अधिसूचित फसलों हेतु राजस्व निरीक्षक मंडल को बीमा इकाई निर्धारित किया गया है। इस वर्ष भी बीमा के दिशा-निर्देश प्रावधान अनुसार ऋणी कृषक फसल बीमा आवरण में स्वेच्छा पूर्वक शामिल होंगे। साथ ही अपने क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी/सहकारी समितियों से सम्पर्क कर सकते हैं।

### हाईकोर्ट से स्टे होने के कारण एक दुकान नहीं तोड़ी

**गुरुर।** व्यावसायिक परिसर विवाद मामले मे एक व्यापारी भूषणपुरी गोस्वामी कोर्ट से स्थगन मिला है। जिसके कारण प्रशासन ने तोड़ फोड़ की कार्रवाई के दौरान एक दुकान को भूषणपुरी गोस्वामी की बताते हुए उसे नहीं तोड़ा।

राहत : खेती-किसानी के कार्य में आएगी और तेजी

# बारिश की आस लगाए अन्नदाताओं को थोड़ी मिली राहत पखवाड़े बाद हुई बारिश से किसानों के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कृषि प्रधान जिले के चारों बेमेतरा,बेरला व साजा ,नवागढ़ विकासखण्ड में करीब पखवाड़ेभर से बारिश की भयंकर दुकाल पड़ने के बाद आखिरकार बीते शुक्रवार मौसम बदलने से प्रभावित क्षेत्र फिर वर्षामय हो हुआ। बारिश से किसान के चेहरे खिल उठे हैं। खेतों में पानी की अभाव से सूख रहे पौधे को बीते कल शाम हुई जोरदार बरसात से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद बढ़ गयी है। हालांकि क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में पानी की कमी से फसल सूखने की कगार पर पहुंच चुके है एवं पौधे पर पीलापन स्पष्ट दिखाई पड़ रहा है। अगर मौसम आगामी दिनों में ऐसा ही वर्षामय रहा तो अवश्य ही पौधे की जरूरत के हिसाब से पानी आपूर्ति हो जाएगी। पौधे में हरियाली लौटने की सम्भावना प्रबल हो जाएगी। किन्तु इन दिनों मौसम की अनिश्चितता समूचे ज़िले के अन्नदाताओं के लिए एक बड़ी परेशानी एवं चुनौती बनी हुई है जो किसानों की चिंता बढ़ाने में बड़ी भूमिका है।

- पानी नहीं गिरने से खेतों में पड़ने लगी थी दरारें

उल्लेखनीय है कि बारिश का सीजन होने के कारण मौसम की अनुकूलता को देखते हुए इन दिनों पूरे क्षेत्र में खेती-किसानी कार्य जोरों पर चल रहा है। क्षेत्र के कृषक बन्धु पूरे परिवार सहित महीनेभर पूर्व से ही खेत मे निरन्तर किसानी कार्य करते दिखाई दे रहे है, किन्तु विगत दो हफ्ते से क्षेत्र में पानी को लेकर किसानों में बड़ी समस्या पैदा हो गयी है। वर्षा की आस में दो हफ्ते गुजर गए किन्तु बरसात को कोई खास प्रभाव देखने को नही मिला। लिहाजा आलम यह रहा कि बरसात के अभाव में खेतों में बोए गए धान के बीज अंकुरित होने के पश्चात नन्हे पौधे की शक्ल में बारिश की बूंदों की इंतज़ार में ही ठीक से समय अनुकूल ग्रोथ नहीं कर पाया। कई इलाकों में तो पानी की कमी से पौधे में पीलेपन पड़ने की भी शिकायत आने लगी है। वही धान के सूखते पौधे को देख कुछ किसानों ने वर्षा पर निर्भरता के बजाए वैकल्पिक मोटरपंप व अन्य साधनों से जलापूर्ति करते नजर आये जो काफी हद तक किसानों के लिए कारगर भी रहा। किन्तु यह पूरे क्षेत्र के लिए मुमकिन नही होने से कलतक खेतों में पानी की किल्लत बढ़ने से धान के अंकुरित पौधे की बीच खेत की गीली जमीन सूखने दरारें स्पष्ट दिखाई पड़ रही थी। हालांकि मौसम ने पूर्वानुमान के मुताबिक कल शुक्रवार को दोपहर से लेकर देर रात तक बारिश का सिलसिला जारी रहा। क्षेत्र में जबरदस्त बारिश के कारण किसानों में हल्की खुशी आई ।

बताया जा रहा है कि आगामी दिनों में मौसम इसी तरह वर्षामय होने की संभावना जताई जा रही है।



### जिले में अब तक 116.6 मिमी. औसत वर्षा दर्ज

चालू बारिश सीजन के दौरान बेमेतरा जिले में 01 जून से 12 जुलाई 2024 प्रतिवेदित दिनांक तक की स्थिति में सवेरे 8.00 बजे तक जिले में 116.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा तहसील दाढ़ी में 166.7 मि.मी. तथा न्यूनतम 68.1 मि.मी. वर्षा बेमेतरा तहसील में दर्ज की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेमेतरा तहसील मे 68.1 मि.मी. वर्षा, नांदघाट तहसील में 123.6 मि.मी. वर्षा, बेरला तहसील में 73.9 मि.मी., भिंभौरी तहसील में 119.8 मि.मी, साजा तहसील मे 147 मि.मी., थानखम्हरिया तहसील में 68.5 मि.मी. वर्षा एवं देवकर तहसील में 149 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# सभी डीआरजी अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता से करें: घृतलहरे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान, जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में शुक्रवार प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों के लिए आयोजित स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण के संबंध में डीआरजी ग्रुप की आवश्यक बैठक रखी गई। बैठक की अध्यक्षता डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे के द्वारा किया गया। बैठक का आयोजन अंग्रेजी भाषा प्रशिक्षण प्रभारी श्रद्धा तिवारी के द्वारा किया गया।

- 15 से तीन विकासखंडों में अंग्रेजी भाषा प्रशिक्षण का आयोजन

बैठक में एससीईआरटी रायपुर के द्वारा दिया गये मॉड्यूल पर विशेष चर्चा की गई। जिसमें सभी डीआरजी ग्रुप ने अपनी अपनी समस्याओं तथा मॉड्यूल से संबंधित सभी गतिविधियों पर चर्चा किये और प्रशिक्षण के लिए आवश्यक रूपरेखा बनाई गई। प्रत्येक विकासखंड के लिए चार-चार डीआरजी का ग्रुप बनाया गया है और उन्हें संबंधित विकासखंड में प्रशिक्षण देने हेतु निर्देशित किया गया है। साजा विकासखंड के लिए गिरजा शंकर शर्मा, हर्ष श्रीवास्तव अर्पणा शर्मा, बबीता दास की नियुक्ति की गई है। बेरला विकासखंड के लिए भागवत प्रसाद बानी, अनुराग साहू, पुष्कर भोसले और धर्मेंद्र शर्मा की नियुक्ति की गई है। इसी तरह से नवागढ़ विकासखंड के लिए विश्वनाथ शर्मा, अशोक कुमार साहू, निलाभ सिंह दीक्षित और बलराम ▶▶| शेष पेज 11 पर

# ग्रामीण इलाकों में ओआरएस एवं जिंक की गोली वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में 1 जुलाई से 31 अगस्त तक स्टॉप डायरिया अभियान 2024 का आयोजन किया जा रहा है । अभियान में 0-5 वर्ष आयु के बच्चों में कम रोगप्रतिरोधक क्षमता के कारण डायरिया से बच्चों को जान का खतरा बना रहता है, इससे बचाव के लिए 0 से 5 वर्ष आयु के प्रत्येक बच्चों को स्टॉप डायरिया अभियान 2024 के तहत ए.एन.एम., मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा 02 ओ.आर.एस. के पैकेट एवं 14 जिंक की गोली का वितरण किया जा रहा है। इसके साथ ही स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं मितानिन दीदी द्वारा गृह भेंट व पारा बैठक में ओ.आर.एस. बनाने की विधि व पिने की मात्रा के संबंध में जानकारी दी जा रही है। आर.बी.एस.के टीम द्वारा आंगनबाड़ी व स्कूलों में व्यक्तिगत स्वच्छता रखने व हाथ धोने की विधि का प्रदर्शन कर जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता को देखते हुए प्रत्येक बच्चों को डायरिया से बचाव हेतु आवश्यकता पड़ने पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता की सलाह से ओ.आर.एस. व जिंक की गोली का सेवन करने के लिए अपील किया गया ताकि जिले का कोई भी बच्चा डायरिया से पीड़ति ना हो।

- जिले में 31 अगस्त तक चलेगा स्टॉप डायरिया अभियान



# संविधा कर्मियों की हड़ताल 22-23 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के संविदा कर्मचारियों ने 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि और नियमितीकरण सहित 18 सूत्री मांगों को लेकर मंत्रियों और विधायकों को ज्ञापन सौंपा।

बावजूद कार्रवाई नहीं होने से अब संघ के सदस्य 22 और 23 जुलाई को हड़ताल पर रहेंगे। इस आंदोलन में लगभग 15 हज़ार की संख्या वाले इस संगठन में डॉक्टर, नर्स, पैरा मेडिकल, प्रबंधकीय संवर्ग के लोग शामिल होंगे। हड़ताल जाने से निम्न स्वास्थ्य सेवा प्रभावित होने की आशंका है कि इससे लोग परीक्षण, जांच, दवाई, जन्म मृत्यु पंजीयन, पोषण पुनर्वास जैसी सुविधा से भी वंचित हो सकते हैं। यह कर्मचारी प्रदेश, जिला, ब्लॉक सहित ग्राम स्तर तक अपनी सेवा देते हैं।

- आंदोलन में शामिल है 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, नियमितीकरण सहित 18 सूत्री मांगें

छत्तीसगढ़ प्रदेश एन एच एम कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ अमित कुमार मिरी एवं जिला अध्यक्ष पूरन दास ने बताया 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि को लेकर सरकार गठन से अब तक मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, स्वास्थ्य मंत्री, वित्त मंत्री सहित तमाम बड़े मंत्रियों से भेंट कर अपनी मांगों से अवगत कराया गया है। कुल 24 बार ज्ञापन दिया जा चुका है। भेंट के दौरान हर मंत्री ने इसके निराकरण की बात कही, परंतु आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई, जिस कारण शासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस आशय कि सूचना उच्च स्तर पर भी दे दी गई है।

हिट एंड रन की जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति की बैठक

# यातायात नियमों का पालन और सुरक्षा उपकरणों का करें उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टरेट के दिशा सभाकक्ष में जिला स्तरीय हिट एंड रन की मॉनिटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर रणबीर शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण निधि शर्मा, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग, एसडीएम घनश्याम तंवर, एसडीओपी मनोज तिर्की सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

- कलेक्टर एवं एसपी ने आम नागरिकों से की अपील

बैठक का उद्देश्य जिला स्तर पर हिट एंड रन दुर्घटनाओं के मामलों की निगरानी और समाधान पर चर्चा करना था। इस दौरान जिले में हुई दुर्घटनाओं की समीक्षा की गई एवं आवश्यक कार्वाई करते हुये और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए योजनाएं बनाई गई। बैठक में पिछले मामलों की समीक्षा करते हुये जिले में हुई हिट एंड रन घटनाओं की जानकारी ली गई। नए मामलों पर चर्चा कर हाल ही में हुई दुर्घटनाओं की जानकारी और उनके लिए उठाये गए कदम की समीक्षा की गई। निगरानी तंत्र में सुधार और दुर्घटनाओं की निगरानी और रिपोर्टिंग प्रणाली में सुधार के उपायों पर चर्चा की गई। सार्वजनिक जागरूकता सड़क सुरक्षा और हिट एंड रन घटनाओं को रोकने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाने की बात कही गई।

हिट एंड रन मामलों से निपटने और पीड़ितों को उचित सहायता प्रदान करने के लिए भारत में नए नियम और प्रावधान समय-समय पर लागू किए जाते हैं। हाल के कुछ महत्वपूर्ण नियमों में बदलाव करते हुये वर्तमान में बढ़ा हुआ मुआवजा को हिट एंड रन मामलों में मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को 50,000 रुपये का मुआवजा दिया जाता है। यह मुआवजा पहले की तुलना में काफी बढ़ाया गया है। कानूनी प्रावधान कड़े दंड के रूप में हिट एंड रन मामलों में दोषी पाए जाने पर सख्त दंड का प्रावधान किया गया है, जिसमें भारी जुर्माना और कारावास शामिल हो सकते हैं। फरार ड्राइवर का पता लगाने पुलिस और अन्य जांच एजेंसियों को गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए बेहतर तकनीकी और कानूनी समर्थन प्रदान किया गया है। सुरक्षा उपाय को देखते हुये सीसीटीवी कैमरे प्रमुख सड़कों और चौराहों पर सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, जिससे दुर्घटनाओं का रिकॉर्ड और जांच में सहायता मिल सके। बीमा कंपनियों के साथ तालमेल बिठाकर मुआवजा प्रक्रिया को अधिक स्वचालित और त्वरित बनाया जा रहा है, जिससे पीड़ितों ▶▶| शेष पेज 11 पर




### गुरु पूर्णिमा पर निकली साइकिल पालकी यात्रा



**बेरला।** नारायण दत्त श्रीमाली सद्गुरु देव भगवान के आशीर्वाद से ब्रह्म ऋषि अनिल कुमार जोशी गुरु के मार्गदर्शन करने के लिए साइकिल पालकी यात्रा को निकले। जिसमें बेरला ब्लॉक से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा पर्व के महापर्व पर निखिल साधना धाम सोंड बेरला से निखिल चेतना केंद्र हैदराबाद हेतु साईकिल पालखी यात्रा कर चौथा दिवस नगर कोरची से ब्रम्हपुरी की ओर प्रस्थान कर एमएच ब्रम्हपुरी शेष नाग मंदिर परिसर में भोजन पश्चात रात्रि विश्राम किया गया।

हरिभूमि
पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### डूंडा स्कूल में बच्चों ने किया पौधारोपण

**रायपुर।** कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड स्थित डूंडा के शासकीय हाईस्कूल में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान भारत स्काउट-गाइड के जिला पदाधिकारी और स्कूली बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ पौधारोपण किया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद उमा-चंद्रहास निर्मलकर शामिल हुए। डूंडा स्कूल में पर्यावरण संरक्षण के लिए स्कूली बच्चों ने शाला परिवार के साथ मिलकर पौधे लगाए। इस मौके पर भारत स्काउट-गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, अध्यक्ष जी. स्वामी, वार्ड पार्षद उमा-चंद्रहास निर्मलकर, रेलवे के सीनियर डिवीजन मैनेजर अवधेश कुमार त्रिवेदी, सुरेश शुक्ला जिला मुख्य आयुक्त, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विजय खंडेलवाल, सचिव मृत्युंजय शुक्ला, उपाध्यक्ष अजय तिवारी, उपाध्यक्ष गायत्री सिंह, अखिलेश अमले, दिनेश शुक्ला, विकासखंड सचिव मुकेश बोरकर, विष्णु साहू सहित लक्ष्य फाउंडेशन के पदाधिकारी व स्कूली बच्चे शामिल रहे।

### शालेय शिक्षक संघ ने पदोन्नति को लेकर संचालक से की चर्चा

**रायपुर।** शालेय शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र दुबे के नेतृत्व में लोक शिक्षण संचालनालय की संचालक दिव्या मिश्रा से मुलाकात की। इस अवसर पर चर्चा करते हुए प्रतिनिधिमंडल ने पदोन्नति में हो रही देर की ओर संचालक का ध्यान आकर्षित कराया। इसके साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग में पदोन्नति के करीब 40 हजार संस्था प्रमुख व शिक्षकीय पद रिक्त होने की जानकारी भी दी। इसके साथ ही व्याख्याता व प्राचार्य के रिक्त पदों पर 7 वर्षों से पदोन्नति नहीं दिये जाने पर नाराजगी जताई है। शालेय शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने बताया कि वर्तमान में प्राचार्य व व्याख्याता पदों पर पदोन्नति के लिए पिछले 6 साल से जारी हो रही त्रुटिपूर्ण सूची से ही प्रस्ताव मंगाया गया है, जबकि संगठन ने सूचियों की सैकड़ों त्रुटियों का प्रमाण सचिव व संचालक सहित जिम्मेदार अधिकारियों को सौंपकर सत्यापन करने व त्रुटिरहित सूची जारी करने की मांग की थी।

### जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में नीलकंठ सेवा संस्था द्वारा जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। संस्थापक पं. नीलकंठ त्रिपाठी ने बताया कि आज विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में देशव्यापी आंदोलन छेड़ा है, जिसमें प्रत्येक राज्य के हर जिले के कलेक्टर को संस्था के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा है। जनसंख्या नियंत्रण कानून को तत्काल लागू करने की मांग की है। इसी कड़ी में संस्था ने छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव को भी ज्ञापन सौंपकर छत्तीसगढ़ में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग की।

# प्रीपेड स्मार्ट मीटर में भी बीपीएल को 30 यूनिट मुफ्त मिलेगी बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगने का काम चल रहा है। एक तरफ सरकारी दफ्तरों के साथ फीडरों और ट्रांसफार्मरों में मीटर लग रहे हैं, साथ ही अब घरेलू के साथ अन्य वर्गों के उपभोक्ताओं के भी मीटर बदले जा रहे हैं। ये मीटर जब लग जाएंगे, तो उपभोक्ताओं को बिजली की खपत करने से पहले रीचार्ज कराना होगा।

ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो रहा है कि जिन बीपीएल के 20 लाख उपभोक्ताओं को 30 यूनिट बिजली मुफ्त मिलती है, उसका रीचार्ज कौन कराएगा। इसका जवाब अब यह है कि 30 यूनिट बिजली मुफ्त मिलने के बाद उपभोक्ताओं को अपना रीचार्ज कराने का मैसेज आएगा। 30 यूनिट मुफ्त बिजली का पैसा पहले की तरह ही प्रदेश सरकार वहन करेगी। केंद्र सरकार ने सभी राज्यों में प्रीपैड मोड में स्मार्ट लगाने का आदेश जारी किया है। इसकी अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होने के कारण इसको हर राज्य को लगाना है। छत्तीसगढ़ में भी इस योजना पर काम प्रारंभ हो गया है। रायपुर संभाग में टाटा कंपनी और बाकी स्थानों पर जीनस कंपनी को स्मार्ट मीटर लगाने का काम मिला है। कंपनियों ने स्मार्ट मीटर लगाने काम प्रारंभ कर दिया है। प्रारंभ में कुछ माह तो मीटर पोस्टपैड ही रहेंगे, लेकिन इसके बाद व्यवस्था होते ही सभी मीटरों को प्रीपैड कर दिया जाएगा।

## 20 लाख बीपीएल उपभोक्ताओं के भी पुराने मीटर बदले जाएंगे

### सॉफ्टवेयर में होगी व्यवस्था

पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक सॉफ्टवेयर बनाया जा रहा है, जिसमें जहां 400 यूनिट तक बिजली बिल हॉफ योजना के हिसाब से ही 400 यूनिट तक रोज आधे पैसे रीचार्ज से कटेंगे, वहीं बीपीएल के उपभोक्ताओं को 30 यूनिट तक रीचार्ज नहीं कराना पड़ेगा। 30 यूनिट बिजली समाप्त होने से पहले ही उपभोक्ताओं को मैसेज आएगा कि उनको अब आगे बिजली का उपयोग करने के लिए रीचार्ज कराना होगा। ऐसा होने से पॉवर कंपनी का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि जो उपभोक्ता बरसों से 30 यूनिट बिजली से ज्यादा की खपत करने के बाद भी बिल जमा नहीं कर रहे हैं, उनको हर हाल में रीचार्ज कराना होगा, नहीं तो उनकी बिजली कट हो जाएगी।



### मिलती रहेगी मुफ्त बिजली

स्मार्ट मीटर योजना में बीपीएल को लेकर बड़ा पेंच फंसा हुआ था। इस वर्ग के उपभोक्ताओं को प्रदेश सरकार 30 यूनिट बिजली मुफ्त देती है। इसके बाद के यूनिट के इनको पैसे लगते हैं। हालांकि ज्यादातर उपभोक्ता 30 यूनिट के बाद के पैसे भी सालों से जमा नहीं कर रहे हैं, इसके बाद भी इनकी बिजली कट नहीं की जाती, लेकिन मीटर प्रीपैड होने पर इनकी बिजली कट हो जाएगी। यही वजह है प्रदेश सरकार चाहती थी कि बीपीएल वर्ग के उपभोक्ताओं को योजना से अलग रखा जाए, लेकिन केंद्र सरकार ने यह बात नहीं मानी है। अब सभी बीपीएल वर्ग के उपभोक्ता के मीटर भी बदले जाएंगे। ऐसे में अब पॉवर कंपनी ने तय किया है कि बीपीएल वर्ग को जो 30 यूनिट बिजली हर माह मुफ्त मिलती है, वह उसी तरह से मिलेगी जैसे अब तक मिलती है।

पंचायतों और निकायों की वित्तीय स्थिति मजबूत करने मांग

# वित्त आयोग की पंचायत, नगरीय निकाय एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

16वें केंद्रीय वित्त आयोग की पंचायत, नगरीय निकाय एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ गुरुवार को मे-फेयर लेक रिसॉर्ट, नवा रायपुर अटलनगर में परिचर्चा का आयोजन किया गया। केंद्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ आयोजित परिचर्चा में पंचायत विभाग के सचिव एस. भारतीदासन ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से पंचायतों को प्राप्त राशि, उनकी आवश्यकताओं और उनके वित्तीय प्रबंधन की जानकारी आयोग को दी। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे पंचायत प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं और आवश्यकताओं को रखते हुए आयोग के समक्ष सुझाव और मांगें प्रस्तुत कीं। उन्होंने पंचायतों की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने केंद्र से अधिक सहायता की मांग की। नगरीय निकाय के प्रतिनिधियों के साथ परिचर्चा में नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजू एस. ने नगरीय निकायों की वित्तीय स्थिति, उनकी चुनौतियों और आवश्यकताओं के बारे में विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया। नगरीय निकायों से आए प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की वित्तीय चुनौतियों और विकास की आवश्यकताओं पर चर्चा की तथा आयोग के समक्ष अपने सुझाव एवं मांगें रखीं। उन्होंने नगरीय निकायों के लिए वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता बढ़ाने और उनके वित्तीय प्रबंधन को सुधारने की मांग की।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरूण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, आयोग के सदस्य अजय नारायण झा, एन्नी जार्ज मैथ्यू, डॉ. मनोज पांडा, डॉ. सौम्यकांति घोष, प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, डीजीपी अशोक जुनेजा, वित्त आयोग के सचिव रित्विक पांडे, संयुक्त सचिव कमल कुमार मिश्रा, संयुक्त संचालक राघवेंद्र सिंह सहित दल के सदस्य भी उपस्थित रहे।

### विभिन्न योजनाओं के लिए अधिक वित्तीय आवंटन की मांग

आयोग ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी परिचर्चा की। इस बैठक में विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधियों ने आयोग के समक्ष अपने-अपने दलों की ओर से सुझाव और मांगें प्रस्तुत कीं। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाने, केंद्र और राज्य के बीच वित्तीय समन्वय को सुधारने तथा विभिन्न योजनाओं के लिए अधिक वित्तीय आवंटन की मांग की।

### कांग्रेस ने दिए 21 बिंदुओं पर सुझाव

16वें वित्त आयोग की टीम को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 21 बिंदुओं पर सुझाव दिया है। जीएसटी क्षतिपूर्ति, विशेष राज्य के दर्जे को लेकर सुझाव दिए गए हैं। कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग और वित्तीय संसाधनों में राज्य की हिस्सेदारी बढाने, कुपोषण एवं कृषि क्षेत्र के लिए की राहत पैकेज, नवा रायपुर में आईटी हब, होलसेल कॉरिडोर के लिए पैकेज की मांग की है। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने आदिवासियों की 30 प्रतिशत से अधिक, अनुसूचित जाति की 12 प्रतिशत से अधिक और अन्य पिछड़ा वर्ग की बडी आबादी, आदिवासी क्षेत्रों में कुपोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी चुनौतियां, चूंकि नक्सली स्थिति को दुर्लभ आंतरिक क्षेत्रों में व्यापक बुनियादी ढांचे के विकास से दूर किया जा सकता है। विभिन्न बुनियादी सुविधाओं के तेजी से विकास के लिए एक विशेष पैकेज प्रदान किया जाना चाहिए। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में वार रूम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, प्रदेश अध्यक्ष विधि विभाग देवा देवांगन, सीए रवि ग्वलानी उपस्थित थे।

# फुंडहर गोठान बनेगा गो अभयारण्य जोनस्तर पर होगा सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- सीएसआर मद से होगा काम, 8 एकड़ में फैला है गोठान
- निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण, प्रस्ताव बनाने दिये निर्देश

फुंडहर स्थित नगर निगम का गोठान अब गो अभयारण्य का स्वरूप लेगा। 8 एकड़ क्षेत्र में फैले इस गोठान को सीएसआर मद में गो अभयारण्य बनाया जायेगा। इसमें गायों को रखने पक्के शेड, हरा चारा, पानी, प्रकाश की व्यवस्था रहेगी। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जोन 9 कमिश्नर संतोष पांडे को गो अभयारण्य का प्रस्ताव बनवाने निर्देश दिये। श्री मिश्रा ने फुंडहर गोठान का निरीक्षण के दौरान गोवंश के लिए वहां हरा चारा, पानी और सफाई की व्यवस्था देखी। नगर निगम जोन 9 कमिश्नरी फुंडहर गोठान का सर्वे कर इसे गो अभयारण्य बनाने प्रस्ताव तैयार करेगा। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और जिला प्रशासन की मंशा के अनुरूप गोवंश की सुरक्षा के लिए यहां गो अभयारण्य बनाने की योजना है। फुंडहर गोठान में वर्तमान में 225 गोवंश रखे गये हैं। गोठान का सर्वे कराकर उसके विस्तार के संबंध में सीएसआर मद के अंतर्गत प्रस्ताव तैयार करने निर्देशित किया गया है। इस मौके पर उपायुक्त एके हालदार, जोन कमिश्नर संतोष पांडे, जोन 6 कमिश्नर रमेश जायसवाल सहित जोन के विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### गोकुलनगर गोठान पहुंचे निगम कमिश्नर, व्यवस्था देखी

नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जोन 6 क्षेत्र के गोकुलनगर स्थित गोठान पहुंचकर गोमाता को गुड़ खिलाकर गो सेवा की। उन्होंने गोठान में रह रहे करीब 650 मवेशियों के लिए चारा, पानी सहित परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया। इस मौके पर जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा उपस्थित रहे।

# महादेव सट्टा मामले में भीम, अर्जुन के बाद छोटा भाई सहदेव गिरफ्तार ईओडब्लू ने दो करोड़ फ्रीज कराए



- आरोपी को जांच एजेंसी ने पटना से गिरफ्तार किया
- सहदेव की निशानदेही पर पुलिस ने पटना में बैठकर सट्टा संचालित कर रहे तीन अन्य को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महादेव सट्टा एप मामले में ईओडब्लू ने तीन साल से फरार चल रहे निलंबित पुलिसकर्मी सहदेव यादव को बिहार, पटना से गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी ने आरोपी का 11 बैंक अकाउंट में जमा दो करोड़ रुपए फ्रीज भी कराया है। साथ ही सट्टे की रकम से खरीदी गई इनोवा कार पुलिस ने जब्त की है।

गौरतलब है कि जांच एजेंसी ने जिसे गिरफ्तार किया है, उसके दो भाई पुलिसकर्मी भीम तथा अर्जुन को ईडी की टीम पहले ही गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर चुकी है। महादेव सट्टा एप में नाम आने तथा अपने दो भाइयों की गिरफ्तारी के बाद से सहदेव पुलिस तथा जांच एजेंसियों की आंखों में धूल झोंककर फरार हो गया था। सहदेव पर आरोप है कि वह महादेव सट्टा बुक के प्रमोटर्स सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल, शुभम सोनी के संपर्क में रहकर हवाला लेनदेन में हाथ बंटाने का काम करता था। गौरतलब है कि एक दिन पूर्व पुलिस ने महादेव सट्टा एप से जुड़े एएसआई चंद्रभूषण वर्मा के मैनेजर किशन वर्मा को गिरफ्तार किया है।

### सहदेव की निशानदेही पर तीन अन्य गिरफ्तार

बिहार में बैठकर महादेव सट्टा एप का पैनल संचालित कर रहे सहदेव की निशानदेही पर पुलिस ने बिहार, गोपालगंज से राजा चौहान, बबलू चौहान तथा रंजन चौहान को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने महादेव सट्टा एप से जुड़े महत्वपूर्ण दस्ताजेव जब्त करने के साथ ही सहदेव के साथ अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

# पुलिसकर्मी प्रायश्चित करने पहुंचे गुरुद्वारा, कहा- सेवा कार्य करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- मारपीट के दौरान सिख ड्राइवर की पग गिरने का मामला

टिकरापारा थाना क्षेत्र में एक माह पूर्व इंटरस्टेट बस टर्मिनल में जांच के दौरान चार पुलिसकर्मियों द्वारा एक सिख ड्राइवर को जांच के नाम पर थाने लाकर पीटने तथा मारपीट के दौरान पग गिरने की घटना हुई थी। ड्राइवर की पग गिरने की घटना को सिख समाज ने गंभीरता से लेते हुए इसकी शिकायत एसएसपी से की थी। एसएसपी ने शिकायत के आधार पर चारों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। निलंबित पुलिसकर्मी अपनी गलती स्वीकार करते हुए प्रायश्चित करने स्टेशन रोड गुरुद्वारा पहुंचे। जहां स्टेशन गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी ने उन्हें क्षमा करते हुए गुरुद्वारा में सेवा करने अवसर प्रदान किया है।

स्टेशन रोड गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह छाबड़ा के मुताबिक, ड्राइवर के साथ हुई घटना में शामिल पुलिसकर्मी गुरुद्वारा में प्रायश्चित करने पहुंचे, तब उन्हें गुरुद्वारा के अलावा किसी अन्य धार्मिक स्थल में सेवा कार्य करने अवसर दिया गया। इसके लिए उन्हें वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर में सेवा करने का ऑप्शन दिया गया। इस पर पुलिसकर्मियों ने गुरुद्वारा में सेवा कार्य करने की इच्छा व्यक्त की। पुलिसकर्मियों के इच्छानुसार चार दिन बाबा बुड्ढा साहिब गुरुद्वारा तेलीबांधा तथा तीन दिन स्टेशन रोड गुरुद्वारा में सेवा कार्य करने का अवसर दिया गया है। पुलिसकर्मियों ने अपनी गलती के लिए गुरुद्वारा में मत्था टेककर माफी भी मांगी।

*ये है पूरा मामला : गौरतलब है कि 8 जून को पुलिसकर्मी चंद्रभान सिंह भदौरिया, सुरेंद्र सिंह सेंगर, रविंद्र सिंह राजपूत तथा दानेश्वर साहू इंटरस्टेट बस टर्मिनल में ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान चारों पुलिसकर्मियों ने एक सिख बस ड्राइवर को बस स्टैंड में देर रात तक रहने की वजह पूछी। इस पर ड्राइवर ने पुलिसकर्मियों से कहा कि वह एक निजी ट्रैवल एजेंसी का बस ड्राइवर है। इस पर पुलिसकर्मी नाराज हो गए और ड्राइवर के साथ बदसलूकी की तथा मारपीट करते हुए उसकी पग निकालकर केश खींचकर पीटने लगे। इस बात का शिकायत ड्राइवर ने अपने समाज प्रमुखों से की। इसके बाद समाज के लोगों ने शिकायत एसएसपी संतोष कुमार सिंह से की। घटना के बाद टिकरापारा टीआई दुर्गेश रावटे भी गुरुद्वारा पहुंचे और उन्होंने पुलिसकर्मियों द्वारा की गई गलती के लिए माफी मांगी।*

81 छात्र पूरक से पास, 26 फेल से पूरक

# 216 परीक्षार्थियों के अंकों में पुनर्मूल्यांकन के बाद वृद्धि

- कई छात्रों के परिणाम में परिवर्तन, पूर्व में भी छात्र जता चुके हैं रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा गुरुवार को बीसीए द्वितीय व तृतीय वर्ष तथा बीकॉम अंतिम वर्ष के पुनर्मूल्यांकन परिणामों की घोषणा कर दी गई है। इन तीनों ही कक्षाओं में पुनर्मूल्यांकन के बाद थोक में छात्रों के नतीजों में बदलाव हुए हैं। रविवि द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणामों के मुबातिक, बीकॉम तृतीय वर्ष में 153 छात्रों के अंकों में वृद्धि हुई है तथा 111 छात्रों के अंक घटे हैं। हालांकि नंबर घटने या बढ़ने के बाद भी इनके परिणाम अपरिवर्तित ही रहे। बीकॉम तृतीय वर्ष में ही 75 छात्र पूरक से पास हो गए हैं। 26 छात्रों को फेल से पूरक तथा 9 छात्रों को फेल से पास श्रेणी में रखा गया है।

बीसीए द्वितीय वर्ष में 44 छात्रों के अंकों में वृद्धि हुई है और 18 छात्रों के अंक घटे हैं। 4 छात्र पूरक से पास घोषित किए गए हैं। बीसीए तृतीय वर्ष में 19 छात्रों के अंक बढ़े हैं और 7 के अंक घटे हैं। 2 को पूरक से पास घोषित किया गया है। सभी छात्रों परिणाम रविवि की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

### खराब रहे हैं परिणाम

इस बार रविवि द्वारा केंद्रीय मूल्यांकन कराया गया। अर्थात प्राध्यापकों को उत्तरपुस्तिकाएं घर ले जाने की इजाजत नहीं दी गई। इसके स्थान पर उनसे परीक्षा केंद्र में ही कॉपियां जंचवाई गई। रविवि ने इस बार सभी कक्षाओं के परिणाम जल्द तो घोषित कर दिए, लेकिन कई कक्षाओं के छात्रों ने अपने नतीजों पर रोष जताया था। अधिकतर कक्षाओं में प्रथम वर्ष के परिणाम 50 प्रतिशत के आस-पास ही रहे हैं। ना केवल प्रथम वर्ष बल्कि द्वितीय और तृतीय वर्ष के नतीजे भी अधिक उल्लेखनीय नहीं रहे। छात्रों के अपने परिणाम से असंतुष्ट होने के कारण पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना के लिए आवेदन करने वाले छात्रों की संख्या भी अधिक रही है।




- रविवि ने घोषित किए बीसीए द्वितीय व तृतीय वर्ष तथा बीकॉम अंतिम के पुनर्मूल्यांकन नतीजे
- अधिकतर कक्षाओं में प्रथम वर्ष के परिणाम 50 प्रतिशत के आस-पास ही रहे हैं

# अवैध वसूली को लेकर ट्रक मालिक आक्रोशित फिटनेस सेंटर के बाहर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वाहन फिटनेस की जांच का निजी क्षेत्र में ठेका देने के बाद ठेका कंपनी पर अवैध वसूली करने के लगातार आरोप लग रहे हैं। ट्रक चालकों से वाहन फिटनेस के लिए 14 सौ रुपए शुल्क लिए जाने के बाद ठेका कंपनी द्वारा फिटनेस देने के नाम पर एक हजार रुपए, जिसे बढ़ाकर डेढ़ हजार रुपए कर दिया गया है, लेने का आरोप है। इससे नाराज होकर गुरुवार को टाटीबंध यूनियन ट्रक मालिक संघ ने परिवहन विभाग के फिटनेस सेंटर के बाहर जमकर प्रदर्शन किया। स्थिति को देखते हुए पुलिस ठेका कंपनी के मालिक को सुरक्षा की दृष्टि से अपने साथ थाना लेकर गई।

गौरतलब है कि एक वर्ष पूर्व तत्कालीन राज्य सरकार ने वाहनों की हाईटेक तरीके से फिटनेस जांच करने निजी क्षेत्र को ठेका दे दिया था। नियम के मुताबिक फिटनेस जांच का शुल्क परिवहन विभाग में जमा होता है। रसीद दिखाने पर फिटनेस सेंटर के संचालक वाहनों की फिटनेस जांच कर वाहन मालिक को सर्टिफिकेट देता है। उस आधार पर परिवहन विभाग वाहन को सड़क में संचालित होने अनुमति प्रदान करता है।

### गुंडों की मदद से डेढ़ा वसूली करने का आरोप

वर्तमान में फिटनेस सेंटर का संचालन करने रोविंग आई प्राइवेट सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड को वाहनों की फिटनेस जांच करने का ठेका दिया गया है। फिटनेस सेंटर का संचालन किसी आशीष गर्ग के पास है। आरोप है कि जिसने फिटनेस जांच करने का ठेका लिया है, उस व्यक्ति ने किसी दूसरे व्यक्ति को वाहनों की फिटनेस जांच करने का ठेका दे दिया है। फिटनेस जांच करने जिस दूसरे व्यक्ति ने ठेका लिया है, उस पर आरोप है कि उसने गुंडों की मदद से वाहन मालिकों को डरा धमकाकर पिछले कुछ दिनों से अवैध वसूली की राशि एक हजार रुपए से बढ़ाकर डेढ़ हजार रुपए कर दिया है। वाहन मालिक इसी बात से नाराज थे।

- फिटनेस के नाम पर गुंडों की मदद से हजार की जगह डेढ़ हजार रुपए वसूली का आरोप
- अफसर बोले जांच के बाद कार्रवाई करेंगे





### जांच के बाद आयुक्त को पत्र लिखेंगे

ट्रक मालिकों ने फिटनेस सेंटर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया है। ट्रक मालिकों ने फिटनेस सेंटर संचालक के खिलाफ अवैध वसूली करने का आरोप लगाते हुए ज्ञापन सौंपा है। आरोपों की जांच करने के बाद फिटनेस सेंटर संचालक के खिलाफ कार्रवाई करने आयुक्त को पत्र लिखेंगे।

\- **आशीष देवांगन,** आरटीओ रायपुर

### फिटनेस जांच कराने का यह नियम

ट्रांसपोर्ट वाहन को आठ वर्ष पूर्ण होने के बाद हर दो साल में फिटनेस प्रमाण निरीक्षण कराना अनिवार्य है। आठ साल से ज्यादा उम्र के ट्रांसपोर्ट वाहन को प्रत्येक वर्ष फिटनेस निरीक्षण कराना होता है। यह नियम यात्री तथा माल वाहक दोनों के लिए है। वाहन मालिकों ने फिटनेस सेंटर संचालक पर आरोप लगाया है कि फिटनेस सेंटर संचालक वाहनों की बगैर फिटनेस जांच किए फिटनेस सर्टिफिकेट जारी कर देता है। इससे परिवहन विभाग द्वारा औचक निरीक्षण करने पर उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### वाहनों को कई-कई दिनों तक रोके रखने का आरोप

वाहनों का फिटनेस सेंटर में ऑटोमैटिक हाईटेक तरीके से फिटनेस जांच की जाती है। वाहन मालिकों का आरोप है कि फिटनेस सेंटर का संचालक अतिरिक्त शुल्क लेने के बाद भी वाहनों की फिटनेस जांच करने के नाम पर वाहनों को कई-कई दिनों तक सेंटर में रोक कर रखता है। फिटनेस सेंटर के संचालक पर वाहनों का जल्द फिटनेस कराने बिचौलियों की मदद से अतिरिक्त शुल्क वसूली करने का आरोप लगाया है।

# भाजपा की जिलों में कार्यसमिति 15 से 20 जुलाई और मंडलों में 21 से 25 तक होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के प्रदेश संगठन ने नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर तैयारी तेज कर दी है। एक दिन पहले ही राजधानी रायपुर में हुई प्रदेश कार्यसमिति में नगरीय निकाय चुनाव पर बड़ा मंथन किया गया है।

इसमें भाजपा ने पूरी ताकत झोंकने का फैसला किया है। राष्ट्रीय नेताओं ने साफ शब्दों में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को चेताया है कि प्रदेश में सरकार होने के कारण अतिआत्मविश्वास में न रहें और नगरीय निकाय के साथ पंचायत चुनाव के लिए पूरी मेहनत करें। इस बार ज्यादा से ज्यादा स्थानों पर जीत की रणनीति बनाई गई है। ऐसे में अब जिलों की कार्यसमिति के लिए 15 से 20 जुलाई और इसके बाद मंडलों के लिए 21 से 25 जुलाई की तिथि तय की गई है। जिलों की कार्यसमिति में प्रदेश के पदाधिकारी जाएंगे और मार्गदर्शन देंगे। विधानसभा के साथ ही लोकसभा में भाजपा को बड़ी जीत मिली है। इसके बाद भाजपा की नजरें अब नगरीय निकाय के साथ पंचायत चुनावों पर है। भाजपा इस बार इन चुनावों में ज्यादा अच्छा प्रदर्शन करके ज्यादा स्थानों पर जीतना चाहती है। नगर निगमों में भाजपा के पास बीते चुनाव में कोई महापौर नहीं बन पाया था, हालांकि तब कांग्रेस सरकार ने महापौर का चुनाव अप्रत्यक्ष करवाया था। इस बार प्रदेश की भाजपा सरकार महापौर के साथ नगर पालिका के अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष करवाने की रणनीति पर काम कर रही है।

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के राज्य संयोजक राजू भारतवासी ने गुरुवार को राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन सफाई कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के संबंध में सौंपा गया। इस मौके पर राजू भारतवासी ने बताया कि एमएस एक्ट-2013 के तहत सफाई कर्मचारी आयोग का गठन किए जाने एवं अनुसूचित जाति के वंचित सफाई कर्मचारी समाज जातियों के विकास के लिए, राष्ट्रीय कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष के साथ चर्चा की। आयोग के अध्यक्ष ने अतिशीघ्र समस्याओं के समाधान के लिए उचित निर्णय लेकर कार्यवाही का भरोसा दिया।

### अशोक बने अध्यक्ष इकबाल उपाध्यक्ष

**रायपुर।** राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग द्वारा मेट्रो हाइट्स रेजिडेंशियल को-ऑपरेटिव सोसाइटी की चुनाव प्रकिया रिटर्निंग ऑफिसर सुमीत डडसेना के नेतृत्व में गुरुवार को की गई। श्री डडसेना ने बताया कि इस चुनाव में अध्यक्ष अशोक कुमार छाजेड़ को बनाया गया और उपाध्यक्ष इकबाल सिंह भामरा को चुना गया। साथ ही आकाश पंजवानी को रायपुर जिला सहकारी संघ मर्यादित का प्रतिनिधि निर्विरोध घोषित किया गया। इसके अतिरिक्त संचालक मंडल में पूजा जैन, रेखा झंवर, सीताराम अग्रवाल, हेमंत पारवानी, मोहन कुमार कलवानी, श्रीचंद सचदेव एवं दीपक गिदवानी को संचालक मंडल का सदस्य बनाया गया।

### साहू संघ का प्रतिभा सम्मान समारोह 14 को

**रायपुर।** साहू मिश्र मंडल शहर जिला साहू संघ द्वारा 14 जुलाई को प्रतिभा सम्मान और गरीब छात्र-छात्राओं को निशुल्क काफी वितरण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम संतोषी नगर स्थित कर्माधाम में सुबह 11 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी देते हुए संघ के अध्यक्ष फागूलाल साहू ने बताया कि इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल होंगे।

### नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के सेमीनार में शामिल होंगे देवांगन

**रायपुर।** उद्योग विभाग के समन्वय से नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सेमीनार शुक्रवार 12 जुलाई को शाम 4 बजे से होटल सयाजी रायपुर में रखा गया है। उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य और उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन शामिल होगें। इस सेमीनार में स्थानीय उद्योगों और कंपनियों को शेयर मार्केट के माध्यम से निवेश प्राप्त करने हेतु नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टिंग करने हेतु मार्गदर्शन दिया जाएगा। स्थानीय कंपनियों के स्टॉक एक्सचेंज के माध्यम से आईपीओ जारी करने और निवेश प्राप्त करने के लिए एक प्लेटफॉर्म के रूप में यह आयोजन काफी अहम साबित होगा। कार्यक्रम के स्टेट कोऑर्डिनेटर के रूप में उद्योग विभाग का यह आयोजन प्रदेश के छोटे-बड़े कंपनियों के लिए निवेश प्राप्त करने का यह प्रयास स्थानीय व्यवसायियों के लिए उनके उद्योग को बढ़ाने में निवेश प्राप्त करने का सबसे बेहतर माध्यम बनेगा।

# यूजी के शुरुआती 3 साल में आए 75% अंक तो ही चौथे वर्ष में प्रवेश, नहीं तो 2 साल का पीजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए दूसरी सूची जारी हो चुकी है। इस सत्र से महाविद्यालयों में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम लागू कर दिया गया है। इसके बाद छात्रों को 2 साल की जगह 1 वर्ष का स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम करना होगा, लेकिन यह नियम केवल उन्हीं छात्रों के लिए है, जो स्नातक के शुरुआती तीन वर्षों में औसत 75% अंक हासिल करेंगे। इससे कम अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को चौथे वर्ष में प्रवेश की पात्रता नहीं होगी। ऐसे में यदि वे स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की पढ़ाई करना चाहें, तो उन्हें पुरानी पद्धति से 2 साल का स्नातक पाठ्यक्रम करना होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार, तीन साल की पढ़ाई पूरी करने के बाद छात्रों को स्नातक तथा चार वर्ष की पढ़ाई पूरी करने के बाद ऑनर्स की उपाधि मिलेगी। ऐसे में यदि छात्रों को ऑनर्स की उपाधि चाहिए तो उन्हें शुरुआती तीन सालों में औसत 75% अंक प्राप्त करने होंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत नया सिलेबस जारी किए जाने के साथ ही इससे संबंधित दिशा-निर्देश भी महाविद्यालयों को सौंप दिए गए हैं।

## मौजूदा सत्र से 4 सालों का हो गया है स्नातक पाठ्यक्रम

### कम है ऐसे छात्रों की संख्या

कॉलेजों में छात्रों के परिणाम स्कूल की तुलना अपेक्षाकृत कम रहते हैं। बीए, बीकॉम जैसे विषयों में प्रथम वर्ष में 50 से 60 प्रतिशत छात्र ही उत्तीर्ण होते हैं। इन छात्रों में भी 75% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या गिनती की ही होती है। इस तरह से ऑनर्स करने के लिए पात्र छात्रों की संख्या भी अत्यंत कम होगी। अधिकतर छात्रों को पुरानी पद्धति से ही पढ़ाई पूरी करनी होगी। दूसरी शिक्षाविदों का कहना है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में आंतरिक मूल्यांकन सहित अन्य चीजों के लिए निर्धारित अंकों की सीमा बढ़ाई गई है। ऐसे में छात्रों का प्रदर्शन सुधर सकता है और 75% से अधिक अंक हासिल करने वाले छात्रों की संख्या भी बढ़ सकती है। इन स्थितियों में ऑनर्स करने के लिए अधिक संख्या में छात्र पात्र हो सकेंगे।



### कमजोर छात्रों के लिए पुराना विकल्प

जो छात्र निर्धारित 75%अंक हासिल नहीं कर पाते, उनके लिए पुराना विकल्प मौजूद रहेगा। ऐसे छात्र दो वर्ष का स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम कर पाएंगे।

- **डॉ.देवाशीष मुखर्जी**, प्राचार्य, महंत कॉलेज

## फागिंग से लेकर एंटी लार्वा छिड़काव, मैनपॉवर और मशीन भी एजेंसी की

# 70 वार्डों में मच्छरों का खात्मा करने आएगी बाहर की एजेंसी, निगम ने किया ग्लोबल टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मच्छरों पर काबू पाने में पस्त नगर निगम अब बाहर की एजेंसी बुलाकर शहरवासियों को मच्छरों के डंक से बचायेगा। इसके लिए एजेंसी तय करने स्वास्थ्य विभाग ने ग्लोबल टेंडर किया है, जो 21 जुलाई को खुलेगा।

■ शुरुआत में 3 माह के लिए होगा अनुबंध

अनुबंधित एजेंसी शहर के सभी 70 वार्डों में एक साथ मच्छर उन्मूलन के लिए एकीकृत प्लान लेकर आयेगी। इसमें वार्डों में फागिंग से लेकर एंटी लार्वा छिड़काव और आधुनिक मशीन एजेंसी अपने खर्च पर रखेगी। अनुबंध शुरुआत में 3 माह के लिए होगा। कार्य संतोषप्रद पाये जाने पर अनुबंध की समय अवधि बढ़ाई जा सकती है। कुल मिलाकर परफार्मेंस बेस भुगतान ठेका एजेंसी को किया जायेगा। रायपुर नगर निगम अब विशाखापटनम जैसे बड़े शहरों की तर्ज पर शहर में मच्छर उन्मूलन का पूरा जिम्मा बाहर की एजेंसी को देगा। 100 लेबर रखने की शर्त के साथ इस कार्य में प्रयुक्त मशीन और आवश्यक संसाधन अनुबंधित एजेंसी के रहेंगे। इसमें नगर निगम को फूटी कौड़ी का खर्च नहीं आयेगा। शुरुआत में यह कार्य 3 माह के लिए दिया जायेगा। पायलट प्रोजेक्ट सफल होने पर इसकी समय अवधि बढ़ायी जायेगी। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने एजेंसी तय करने ग्लोबल टेंडर किया है। यह पहला मौका होगा जब नगर निगम शहर की सफाई के बाद मच्छर उन्मूलन का कार्य बाहर की एजेंसी को ठेके पर देने जा रहा है।

### ग्लोबल टेंडर किया है

शहर के 70 वार्डों में मच्छर उन्मूलन के लिए एजेंसी तय करने ग्लोबल टेंडर किया है। इसमें परफार्मेंस बेस भुगतान होगा। 100 लेबर रखने के साथ ही इसमें लगने वाले रिसोर्स अनुबंधित एजेंसी के रहेंगे। 3 माह की समय अवधि के लिए शुरुआत में यह अनुबंध रहेगा।

- **डॉ. तृप्ति पाणिग्रही,** स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम रायपुर

### एजेंसी को 20 फीसदी भुगतान बाद में, परफार्मेंस बेस भुगतान

*मच्छरों की समस्या के उन्मूलन के लिए किये गये ग्लोबल टेंडर में यह शर्त रखी गई है कि अनुबंधित एजेंसी को परफार्मेंस बेस भुगतान किया जायेगा। यानी शहर में मच्छर कम होने की दशा में अनुबंधित एजेंसी को निर्धारित राशि दी जायेगी। एजेंसी के कार्य का मूल्यांकन करने निगम का स्वास्थ्य महकमा एनएसडीसी सहित अन्य विभागों के साथ तालमेल बनाकर समय-समय पर शहर में मच्छर उन्मूलन वाले इलाकों में जाकर रेंडम सैंपल एकत्र कर जांच करेगा। यही नहीं, एजेंसी द्वारा मच्छर नियंत्रण कार्य में प्रयुक्त केमिकल की खाली बॉटल को चेक करेगा। इसके साथ ही पब्लिक से भी फीडबैक लिया जायेगा। सूत्रों के मुताबिक चयनित एजेंसी को अनुबंध के हिसाब से 20 फीसदी राशि का भुगतान बाद में होगा।*

### मुख्यालय में कंट्रोलरूम, जनता की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर

*नगर निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि नगर निगम मुख्यालय में शहरभर में मच्छर उन्मूलन के कार्य पर नजर रखने कंट्रोलरूम खुलेगा। यह प्रतिदिन दोपहर 2 बजे के बाद से कार्यशील रहेगा। आम जनता शहर के विभिन्न इलाकों से टोल फ्री नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकेगी। इसके लिए अलग से टोल फ्री नंबर जारी होगा। अनुबंधित एजेंसी के कार्य की मानिटरिंग संबंधित जोन के जेडएचओ करेंगे। नगर निगम के 10 जोन के 70 वार्ड की समग्र मानिटरिंग करने का जिम्मा स्वास्थ्य अधिकारी का होगा।*

# 2 निरीक्षक सहित 16 पुलिस अफसरों का तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा विभिन्न थाना व चौकी में पदस्थ 16 अफसरों व पुलिसकर्मियों का तबादला किया गया है। इसमे दो इंस्पेक्टर, 6 सब इंस्पेक्टर एवं 8 एएसआई की पदस्थापना बदली गई है। ज़िला पुलिस अधीक्षक-रामकुमार साहू(भापुसे) द्वारा स्थानांतरण आदेश में मुख्यालय स्थित बेमेतरा सिटी कोतवाली का प्रभार उप निरीक्षक राकेश साहू को दिया गया है, जो पूर्व में खम्हरिया थाना के प्रभारी थे। वहीं साजा थाना प्रभारी का जिम्मा सिटी कोतवाली के निरीक्षक चन्द्रदेव वर्मा दिया गया है। निरीक्षक प्रमोद शर्मा रक्षित केंद्र से थाना परपोड़ी, उपनिरीक्षक- राजकुमार साहू साजा थाना से थान खम्हरिया थाना, उपनिरीक्षक- मयंक मिश्रा को कण्डरका चौकी से बेरला थाना, उपनिरीक्षक- ओमकार प्रसाद साहू को रक्षित केंद्र से थाना प्रभारी चंदनु, उपनिरीक्षक परवासी यादव को यातायात शाखा का प्रभारी एवं उपनिरीक्षक- यशवंत जंघेल को चंदनु प्रभारी से साजा थाना में पदस्थ किया गया है। इसके अलावा प्रशासनिक फेरबदल में 8 सहायक उप निरीक्षकों की भी पदस्थापना बदली गयी है। इनमें एएसआई- कंवल सिंह नेताम को साजा से कण्डरका पुलिस चौकी, दीनानाथ सिंह को बेरला से बेमेतरा थाना, ताल सिंह व आनन्दी राम सिन्हा को बेमेतरा थाना से रक्षित केंद्र, राजेन्द्र राजपूत को चंदनु से रक्षित केंद्र, शंकर लाल सोनवानी को चौकी खण्डसरा से थाना नांदघाट, सन्तोष ध्रुव को थाना बेमेतरा से थाना दाढ़ी व एएसआई बी.पन्ना को साजा से यातायात में भेजा गया है। वही नांदघाट, नवागढ़, दाढ़ी थाना व मारो, देवकर, खण्डसरा, संबलपुर, देवरबीजा चौकी प्रभारियों की स्थिति में यथावत रखी गयी है।

■ साजा में वर्मा, परपोड़ी में शर्मा, सिटी कोतवाली में राकेश साहू को प्रभार

## कुरुद कोहका की सड़क हुई बेकार

**भिलाई।** नगर पालिक निगम के अंतर्गत कुरुद कोहका में अंग्रेजी देशी शराब दुकान से निकलने वाली सड़क का हाल खराब है। इसके चलते कई लोग यहां हादसे का शिकार हो रहें है। जिसके लिए स्थानीय लोगों ने कई बार निगम को अवगत भी कराया लेकिन सड़क की व्यवस्था आज तक नहीं सुधर पाई है।बारिश का मौसम आते ही गढ्ढों में पानी भर गया है। जिसके चलते कई आने जाने वाले सायकिल सवार हादसों का शिकार हो चुके है। मूरम की सड़क होने से यहां गढ्ढे काफी है।

## पेज 9 का शेष

### यातायात नियमों का ...

को तेजी से सहायता मिल सके। हिट एंड रन मामलों की त्वरित जांच और निगरानी के लिए विशेष पुलिस टीमें गठित की जा रही हैं। ऑनलाइन पोर्टल्स और हेल्पलाइनों की शुरुआत हो रही जिससे लोग हिट एंड रन घटनाओं की रिपोर्टिंग कर सकें और तुरंत मदद प्राप्त कर सकें। ये नए नियम और प्रावधान हिट एंड रन मामलों से निपटने और पीड़ितों को समय पर सहायता प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इनसे न केवल पीड़ितों को राहत मिलेगी, बल्कि सड़क सुरक्षा में भी सुधार होगा।

**घटना की तत्काल जानकारी दें:** कलेक्टर श्री शर्मा और एसपी श्री साहू ने हिट एंड रन मामले में जिले के आम नागरिकों से अपील की हैं की अगर आप किसी हिट एंड रन घटना के गवाह हैं, तो तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन या हेल्पलाइन पर रिपोर्ट करें। जितनी जल्दी घटना की सूचना मिलेगी, उतनी ही जल्दी आरोपी को पकड़ा जा सकेगा। घटना के बारे में जितना संभव हो सके, अधिक जानकारी प्रदान करें, जैसे गाड़ी का नंबर, मॉडल, रंग, और घटना का समय व स्थान। उन्होंने कहा की सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पालन करें। सुरक्षित ड्राइविंग और पैदल चलने के नियमों का पालन करके दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करते हुये वाहन चलाते समय सीट बेल्ट और हेलमेट का उपयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा की अगर आप किसी दुर्घटना स्थल पर पहुंचते हैं, तो पीड़ितों को तुरंत चिकित्सा सहायता प्रदान करने का प्रयास करें। एम्बुलेंस और पुलिस को सूचित करें। हिट एंड रन मामलों में पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति संवेदनशीलता दिखाएं और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करें।

### सभी डीआरजी अपने ...

चौबे की नियुक्ति की गई है। अंग्रेजी भाषा प्रशिक्षण स्पोकन इंग्लिश का प्रशिक्षण दो चरणों में किया जाएगा। प्रथम चरण 15 जुलाई से 19 जुलाई तक बेरला, साजा और नवागढ़ विकासखण्ड में आयोजित होगी। दूसरे चरण का प्रशिक्षण 22 जुलाई से 26 जुलाई तक आयोजित है। जिसमें प्रत्येक विकासखंड से 100 शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए बुलाया जाएगा। जिसे 50-50 के दो कक्षों में बैठक व्यवस्था कर जिला स्रोत व्यक्ति के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। सभी प्रतिभागियों के लिए प्रशिक्षण स्थल पर कुलर और स्वच्छ पानी की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाएगी। प्रशिक्षण 6 या 8 के समूह में बैठकर सामूहिक गतिविधियों के माध्यम से दिया जाएगा। इस संबंध में आवश्यक जानकारी बीईओ और बीआरसी को पहले ही दिया जा चुका है। वे संख्या के आधार पर कार्य योजना तैयार कर प्रशिक्षण को सफलता पूर्वक संपन्न कराएंगे। सभी प्राथमिक विद्यालय के एक शिक्षक को प्रशिक्षण में भाग लेना अनिवार्य है। डाइट के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने इस बैठक को संबोधित करते हुए कहा की यह प्रशिक्षण एससीईआरटी रायपुर के द्वारा निर्देशित है। सभी डीआरजी का दायित्व है कि इस प्रशिक्षण को पूरी गंभीरता के साथ कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। सभी बीईओ, बीआरसी, एबीईओ और डाइट के अकादमिक सदस्य इस प्रशिक्षण की निरंतर मॉनिटरिंग करेंगे। डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे और जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे भी इस प्रशिक्षण की मॉनिटरिंग करेंगे। प्रशिक्षण का समय सभी विकासखंडों में सुबह 9:30 से शाम 5:30 तक रहेगा। यह प्रशिक्षण पूरी तरह गैर आवासीय है।

**ये रहे उपस्थित:** इस महत्वपूर्ण बैठक में डाइट से व्याख्याता थलज कुमार साहू, श्रद्धा तिवारी, राजकुमार वर्मा तथा अमिंदर भारती और डीआरजी ग्रुप से अर्पणा शर्मा, बबीता दास, विश्वनाथ शर्मा, अशोक कुमार साहू, बलराम चौबे, निलाभ सिंह दीक्षित,भागवत प्रसाद बानी, पुष्कर भोंसले ,धर्मेंद्र शर्मा, गिरजा शंकर शर्मा, तथा अजीम जी प्रेमजी फाउंडेशन से श्रेया दुबे उपस्थित रही।

# 15 बीएसयूपी में रहने वाले 12 हजार परिवारों को 3 महीने बाद कॉलोनी में ही मिलेगा जरूरी सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



अब झुग्गी बस्तियों से बाहर करके बीएसयूपी में शिफ्ट किए गए 12 हजार से ज्यादा परिवारों को अक्टूबर से कॉलोनी कैंपस में ही जरूरी सामान मिलेंगे। अभी बीएसयूपी कॉलोनियों का निर्माण आउटर में होने से लोगों को दो से तीन किलोमीटर दूर छोटे-छोटे जरूरी सामान के लिए दिन में कई बार चक्कर लगाना पड़ता है। इससे राहत देने के लिए निगम ने सात जोन आयुक्तों को 15 कॉलोनियों में मार्केट डेवलप करने के लिए 90 लाख रुपए दिया है। इससे पहले फेज में तय की गई कॉलोनियों में 5-5 दुकानों का निर्माण जारी है।

स्मार्ट सिटी में तय योजनाओं को पूरा करने और सड़क चौड़ीकरण के साथ ही सौंदर्यीकरण के लिए कई बस्तियों को हटाने के बाद निगम ने उन्हें आउटर इलाके में मकान दिया। करीब 15 साल में जिन-जिन बीएसयूपी कॉलोनियों में लोगों को मकान दिया गया, वहां रहने वाले परिवारों को घरेलू सामान के साथ ही इलेक्ट्रिशियन, नाई, धोबी, सब्जी, मेडिकल व जनरल स्टोर के लिए दो से तीन किलोमीटर दूर आना-जाना पड़ता है। इससे लोगों का समय और वाहन के ईंधन की बर्बादी होती थी। राहत देने की मुहिम अब निगम ने शुरू की है। दुकानों का निर्माण करवाने के लिए एजेंसी तय करने के बाद उसे 4 से 5 महीने में प्रोजेक्ट पूरा करने के लिए समय दिया है। अब अक्टूबर में बीएसयूपी में रहने वाले 12 हजार से ज्यादा परिवारों को नई सुविधा मिलने वाली है।

### 4 महीने में निर्माण के लिए निर्देश

जिन कॉलोनियों में दुकानों का निर्माण होना है, वहां के लिए आयुक्तों ने एजेंसी तय करके तय समय में प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए वर्कआर्डर जारी किया है। अक्टूबर तक मार्केट को शुरू करवाने का निर्देश है।

- **राजेश शर्मा,** अधीक्षण अभियंता, नगर निगम, रायपुर

### दिवाली में मिलेगा मार्केट

*अभी तक अलग-अलग जोन क्षेत्र में बनवाई गई 24 बीएसयूपी कॉलोनियों में 12 हजार से भी ज्यादा परिवारों को शिफ्ट किया गया है। इनके आसपास अब जरूरी सामान खरीदने के लिए हर बीएसयूपी में 5-5 दुकानों का निर्माण शुरू हो गया है। निगम सूत्रों ने बताया कि अभी 24 में से 15 बीएसयूपी कॉलोनियों में दुकानों का निर्माण करवाया जा रहा। टेंडर के बाद प्रत्येक दुकान का निर्माण करने के लिए एजेंसी को 4-4 महीने का समय दिया है, यानी दिवाली में हजारों परिवारों को जरूरी सामान कॉलोनी में ही मिलने लगेंगे।*

### यह है निगम का प्लान

*सभी 24 बीएसयूपी कॉलोनियों में 5-5 दुकानों का निर्माण कराने के लिए प्रस्ताव बनाकर निगम ने पहले ही सरकार को भेजा था। प्रत्येक कॉलोनी में 5 दुकानों के निर्माण पर 6-6 लाख रुपए का खर्च होगा। इसका आंकलन करने के बाद ही बजट मांगा गया था। इनमें से पहले फेज में 15 कॉलोनियों के लिए निगम के जिम्मेदारों ने 90 लाख रुपए जोन आयुक्तों को जारी किया है। इनमें जोन 1, 2 व चार शामिल नहीं हैं। इनके अलावा जोन 3, 5, 6, 7, 8, 9 और 10 में पहले फेज में 15 जगह मार्केट अब आकार ले रहा है।*

### कॉलोनी के युवाओं को काम

*दुकानों का निर्माण होने के बाद इसे आवेदन प्रक्रिया के तहत तय किराए पर खुद का व्यवसाय शुरू करने के लिए कॉलोनी के युवाओं को ही दिया जाएगा। इससे निगम को राजस्व का नया जरिया मिलेगा। कचना, अमलीडीह, खम्हारडीह, सड्डू, बांसटाल क्षेत्र के साथ ही भाठागांव, कोटा में बसाई गई कॉलोनियों में रहने वाले परिवारों को डेली नीड्स, किराना, मोची, धोबी व नाई की दुकान मिलेगी। लोगों को आनन-फानन में मुख्य बाजार तक दौड़-भाग करने से राहत के साथ नई सुविधा कॉलोनी में लोगों को मिलेगी।*

## विधानसभा की वर्ष 2024-25 के लिए गठित समितियों की बैठक

# चार विस समितियों की पहली संयुक्त बैठक, रमन, महंत हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा की वर्ष 2024-25 के लिए गठित वित्तीय समितियों लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति, सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति तथा स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज लेखा समिति की संयुक्त बैठक गुरवार को विधानसभा परिसर स्थित समिति कक्ष में हुई। संयुक्त समितियों की पहली बैठक में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, लोक लेखा समिति के सभापति डॉ. चरणदास महंत, प्राक्कलन समिति के सभापति अजय चन्द्राकर, सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के सभापति अमर अग्रवाल, स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज लेखा समिति के सभापति धरम लाल कौशिक एवं समितियों के सदस्यग, विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा, प्रधान महालेखाकार, छत्तीसगढ़, यशवंत कुमार, वित्त विभाग की सचिव शारदा वर्मा एवं संचालक, राज्य संपरीक्षा, पुष्पा साहू शामिल थीं।



### समितियों की भूमिका महत्वपूर्ण : रमन

समिति की प्रथम बैठक को सम्बोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि इस वर्ष वित्तीय समितियों में दो पूर्व विधान सभा अध्यक्ष एवं शेष दो समितियों में से अतिवरिष्ठ सदस्य सभापति के रूप में नामित हैं। इन वरिष्ठ सदस्यों के अनुभवों एवं संसदीय ज्ञान का लाभ हम सब को मिलेगा। संसदीय शासन प्रणाली में समितियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। संसद एवं विधान मंडल के बहुत से कार्य लघु सदन के रूप में समितियों के माध्यम से किये जाते हैं। डॉ. रमन ने बताया कि विधानसभा में 21 समितियां हैं और ये क्या-क्या काम करती हैं।

### महंत ने कहा- समितियां सभा का लघु स्वरूप

इस अवसर पर लोक लेखा समिति के सभापति डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि संसदीय समिति में वित्तीय समितियों की अहम भूमिका होती है। समितियां सभा का लघु स्वरूप होती हैं एवं यह समितियां अपने कार्यों के माध्यम से ससदीय प्रजातंत्र के मूल तत्व कार्यपालिका की विधायिका के प्रति जबाबदेही को सुनिश्चित करेगी। प्राक्कलन समिति के सभापति अजय चन्द्राकर ने कहा कि, विभागों की कार्य पद्धतियों का परीक्षण कर विभागों की कार्य प्रणाली में किस प्रकार से सुधार किया जा सकता है। इस विषय पर समिति अपना ध्यान केन्द्रित करेगी।

### समितियां करती हैं ये काम : अमर

सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के सभापति अमर अग्रवाल ने कहा कि यह समिति प्रमुखतः सरकारी उपक्रमों के लेखे एवं प्रतिवेदनों, भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक तथा सरकारी उपक्रमों की स्वायत्तता और कुशलता की जांच करती है। स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज लेखा समिति के सभापति धरमलाल कौशिक ने कहा कि- प्रदेश के स्थानीय निकाय एवं पंचायतों के वित्तीय कामकाज की संपूर्ण समीक्षा, नियंत्रण एवं यथा आवश्यक सुझाव, अनुशंसा संबंधी कार्य इस समिति के द्वारा किया जाता है। बैठक में सदस्य धर्मजीत सिंह, कुंवर सिंह निषाद, अनुज शर्मा, नीलकंठ नेताम, प्रधान महालेखाकार, छत्तीसगढ़, यशवंत कुमार एवं सचिव, वित्त विभाग, शारदा वर्मा एवं संचालक, राज्य संपरीक्षा पुष्पा साहू ने भी अपने विचार व्यक्त किये।



## खबर संक्षेप



### दिव्यांग प्रतीक को मिला व्हीलचेयर

**बेमेतरा।** पीएम श्री स्कूल शासकीय प्राथमिक शाला उघरा के शिक्षक ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे स्वयं दिव्यांग भी है। प्रयास से दोनों पैर से दिव्यांग प्रतीक नामदेव पिता राजेश नामदेव बेमेतरा को बीआरसी बेमेतरा राजेन्द्र साहू एवं रजनी देवांगन के विशेष सहयोग से निःशुल्क व्हील चेयर प्रदान किया गया। दिव्यांग प्रतीक नामदेव ने बताया कि वे चलने में असमर्थ है और घुटने के बल ही चलते है। उन्हें कहीं आने जाने में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस कारण वे बैटरी के द्वारा संचालित ट्रायसिकल एवं वील चेयर के लिए नगर पालिका व समाज कल्याण विभाग में कई बार आवेदन लगाकर गुहार लगा चुके थे। लेकिन हर जगह, हर बार उसे निराशा ही हाथ लगी। उसे अभी तक कोई उपकरण प्रदान नहीं किया गया। इसी दौरान उनकी मुलाकात पी एम श्री स्कूल शासकीय प्राथमिक शाला उघरा में कार्यरत दिव्यांग शिक्षक ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे से हुई। एक दिव्यांग ने दूसरे दिव्यांग भाई प्रतीक नामदेव की पीड़ा को, परेशानी को समझते हुए शिक्षक ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे ने अपने अधिकारी बीआरसी राजेन्द्र साहू व रजनी देवांगन से मुलाक़ात कर उन्हें व्हील चेयर प्रदान करने का निवेदन किया। इस पर बीआरसी राजेंद्र साहू तत्काल संज्ञान लेते हुए और तत्परता दिखाते हुए उसे कल ही व्हील चेयर प्रदान कर दिया। व्हील चेयर प्राप्त होने पर दिव्यांग प्रतीक नामदेव व उनके पिताजी ने बीआरसी बेमेतरा राजेन्द्र साहू व शिक्षक ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे को हृदय से धन्यवाद दिया और उनका आभार माना।

### पार्षद ने स्कूल में किया न्योता भोज का आयोजन



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला मोहभट्ठा में पार्षद धरमसिंह वर्मा ने न्योता भोज का आयोजन किया, जिसमें शाला के सभी बच्चों, शिक्षकों एवं नागरिकों भोजन कराया गया। न्योता भोजन में खीर-पुरी, चावल, दाल एवं सब्जी परोसी गई। पार्षद की पहल से स्कूली बच्चे काफी उत्साहित रहे । शाला परिवार की ओर से प्रधान पाठक ने पार्षद आभार व्यक्त किया।

### बीएससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा कल

**बेमेतरा।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 14 जुलाई को प्रथम पाली में प्रातः 10 से 12.15 बजे तक बीएससी नर्सिंग भर्ती परीक्षा आयोजित की गई है। इसमें बेमेतरा जिला अंतर्गत कुल 1440 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। उक्त परीक्षा के सफल संचालन एवं परीक्षार्थियों के सुविधा की दृष्टि से जिला बेमेतरा अंतर्गत 4 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। इसमें पं. जवाहर लाल नेहरू विज्ञान एवं कला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा, लक्ष्मण प्रसाद वैद्य शास. कन्या महाविद्यालय बेमेतरा, शासकीय बालक उ.मा.विद्यालय, बेमेतरा और स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय, बेमेतरा शामिल हैं। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र की मूल प्रति अपने साथ अनिवार्य रूप से रखें तथा व्यापम से प्राप्त निर्देशानुसार परीक्षा के दौरान परीक्षा कक्ष में मोबाइल, कैल्कुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि पर पूर्ण प्रतिबंध होगा।परीक्षा के दौरान असामाजिक तत्वों एवं नकल आदि को रोकने हेतु सक्षम अधिकारियों के नेतृत्व में उड़नदस्ता दल गठित किया गया है। साथ ही प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों में गोपनीय सामग्री पहुंचाने व परीक्षा पश्चात पुनः सुरक्षित जमा करने हेतु पर्यवेक्षक की नियुक्ति करते हुए पर्याप्त मात्रा में परीक्षा केन्द्रवार पुलिस बल की व्यवस्था भी की गई है।

### पेंड्री स्कूल में बाल कैबिनेट व इको क्लब का गठन

**बालोद/कलंगपुर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पेंड्री में बाल कैबिनेट व इको क्लब का गठन किया गया।

---

बैठक : जिला अल्पसंख्यक कल्याण समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक हुई

# शासन की योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यक वर्ग को अनिवार्य रूप से दिलाएं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अल्पसंख्यकों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास के लिए प्रधानमंत्री का नवीन 15 सूत्रीय कार्यक्रम की त्रैमासिक समीक्षा बैठक कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्टोरेट दिशा सभाकक्ष में संपन्न हुई है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण समिति की बैठक में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, सीईओ जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर द्वय अंकिता गर्ग, टेकराम महेश्वरी, एसडीएम तंवर, सीएमओ उपाध्याय, डीईओ कमल कपूर एवं अल्पसंख्यक वर्ग के सदस्य उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री शर्मा ने शासन द्वारा अल्पसंख्यकों के कल्याण व विकास के लिए अनेक योजनाएं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बैठक में उपस्थित अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिनिधियों से भी कहा कि वे राज्य शासन द्वारा कौशल विकास अधिनियम बनाया गया है जिसके तहत हर व्यक्ति को चिन्हित व्यवसायों में प्रशिक्षण प्राप्त करने का अधिकार दिया गया है। इसके लिए अल्पसंख्यक समुदाय के इच्छुक बेरोजगार युवक-युवतियां जिला रोजगार कार्यालय से संपर्क कर अपने मनपसंद के व्यवसाय का प्रशिक्षण प्राप्त कर उसमें रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। और अपने धार्मिक स्थलों पर इन योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें ताकि जरूरतमंद लोग इनका लाभ ले सके। पुलिस अधीक्षक श्री साहू ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति के लिए आवेदन संबंधित संस्था प्रमुखों के माध्यम से निर्धारित समय-सीमा में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग के पास जमा करा दिए जाएं। बैठक में 15 सूत्रीय कार्यक्रम, अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति, मदरसा शिक्षा का आधुनिकीकरण, उर्दू शिक्षा, जाति प्रमाण पत्र जारी करने तथा विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित व्यवसाय मूलक योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। चिकित्सा विभाग द्वारा छ.ग.शासन की योजना के अंतर्गत गरीबी रेखा आने वाले लोगो को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का प्रावधान है इसके अलावा उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वास्थ्य बीमा योजनाएँ, आर्थिक सहायता, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, वित्तीय सहायता योजनाएँ, सामाजिक सुरक्षा, वृद्धावस्था पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना आदि की जानकारी दी।




### पिछड़े वर्गों के लोगों को सशक्त बनाना है: अग्रवाल

जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल ने बताया की पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को कई योजनाओं का लाभ दिया जाता है। इन योजनाओं का उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लोगों को सशक्त बनाना है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) योजना के तहत अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को घर निर्माण के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को 100 दिनों का रोजगार सुनिश्चित किया जाता है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके।

---

# जीवन के संतापों को दूर करने मनाया शीतला जुड़वास



हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थान खमरिया

भाटापारा वार्ड नंबर 14 में जुड़वाउत्सव वार्डवासियों द्वारा धूमधाम से शीतला मंदिर में मनाया गया। माता शीतला की जुड़वास उत्सव पूजा साधना द्वारा नगरवासियों ने पूजा अर्चना की।

स्थानीय जस मंडली के द्वारा बहुत ही सुंदर ढंग से माता जस गीत का गायन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में माताएं एवं नगर वासी उपस्थित थे। जुड़वास का अर्थ है गुरुवार को पड़ने वाले आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष में देवी शीतला को प्रसन्न करने के लिए और रोग मुक्ति के लिए नगर सहित ग्रामीण अंचलों में देवी शीतला मंदिरों में जुड़वास पूजा के बड़ी धूम रहती है। यह पर्व प्रत्येक वर्ष साल के आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष महाप्रभु जगन्नाथ जी के रथ यात्रा के बादगुप्त नवरात्रि के रूप में मनाया जाता है छत्तीसगढ़ की धरती में त्यौहार और पर्व पर्व की अनेकों महत्व है। यहां पर त्योहारों की कमी नहीं है इसी कड़ी में गुरुवार को देवी शीतला मंदिर में जुड़वास का विशेष महत्व होता है। माता शीतला का मंदिर छत्तीसगढ़ के प्रत्येक गांव में होता है और इसे ग्राम देवी के नाम से जाना जाता है। मान्यता के अनुसार मुख्य रूप से गांव में सुख शांति और समस्त रोगों का निवारण का प्रतीक माना जाता है इसकी पूजा से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। इस कार्यक्रम का सफल संचालन सोमनाथ सिंह ने किया प्रमुख रूप से श्री राम सेवा सत्संग शक्ति समिति संयोजक अनिल सिंघानिया चेतन सिन्हा हरिश्चंद्र साहू कुमार पाल भागवत सिंह ,गणेशु साहू, दीपक गंधर्व , संतोष गंधर्व , मनोज सिन्हा सुशील मिश्रा व सैकड़ो की संख्या में माताएं उपस्थित थी।

---

# बीजागोड़ स्कूल में बाल केबिनेट का गठन, बच्चों को दी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला बीजागोड़ विकासखण्ड साजा में नये सत्र को सुचारू रुप से संचालित करने के लिए एवं बच्चों को अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सजग करने हेतु बाल सदन का गठन किया गया। जिसमें शिक्षकों एवं बच्चों ने मिलकर सर्वसम्मति से अलग अलग विभागों के लिए नामों का चयन किया। शालानायक के लिए विनय यादव, उप शालानायक डिम्पल यादव, स्वच्छता प्रभारी कमल, सफाई प्रभारी देवेन्द्र, सांस्कृतिक प्रभारी पुषा, खेल प्रभारी भानू, कक्षा के सुचारु रूप से संचालन के लिए भी बच्चों को प्रभार सौंपे गये। इस प्रकार शिक्षकों द्वारा सभी बच्चों को अपने अपने जिम्मेदारियों के प्रति जागरुक कराया गया। प्रधानपाठक विशेषर नेताम ने बच्चों से आग्रह किया कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करें। नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा ने कहा कि हमें अपने विद्यालय के संसाधनों की रक्षा करना, इसकी स्वच्छता का ध्यान रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। यह विद्यालय एक मंदिर है तथा बाल देवो भवः अर्थात बच्चे देवता के स्वरूप होते है। हमें विद्यालय के साथ साथ अपनी शारीरिक स्वच्छता का भी ध्यान रखना होगा।नैतिक गुणों से युक्त विद्यालय और शिक्षक ही भविष्य को एक संस्कारयुक्त विवेकानंद जैसे विद्यार्थी दे सकते हैं। इसमें पालक बालक और शिक्षक तीनों की सहभागिता होनी चाहिये। संकुल समन्वयक मनीराम श्रीवास ने सभी प्रतिभागी बच्चों को अपने अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करने की बधाई और शुभकामनाएं दी। बालपंचायत के गठन में शाला के शिक्षकों के साथ कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के बच्चे शामिल हुये।

- विनय शालानायक, डिम्पल होंगी उप शालानायक



---

उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा बेमेतरा जिला दवा विक्रेता के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला

# ड्रग लाइसेंस का आनलाइन रिन्यूअल करना दुकानदारों को सिखाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ऑनलाइन नेशनल ड्रग लाइसेंस सिस्टम का प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन शहर के एक निजी परिसर में उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा बेमेतरा जिला दवा विक्रेता संघ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक औषधि नियंत्रक राजेश क्षत्री, ड्रग इंस्पेक्टर भास्कर राठौर एवं आरती नागदेव की मौजूदगी में हुआ।

स्वागत पुष्पहार एवं पुष्प गुच्छ से बेमेतरा जिला के केमिस्ट द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अनिल चौबे द्वारा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कितना जरूरी है के ऊपर प्रकाश डाला गया। इसके पश्चात जिला दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष दिनेश दुबे ने लाइसेंस रिन्यूअल के लिए ऑनलाइन कितना जरूरी है और यह सभी केमिस्टों को सिखना जरूरी होना बताया । इसके बाद कार्यक्रम में ड्रग इंस्पेक्टर भास्कर राठौर द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से ऑनलाइन फॉर्म भरने की पूरा प्रक्रिया को सरल शब्दों में केमिस्टों को जानकारी दी। जिसमें किस ढंग से ओटीपी एवं ईमेल से पासवर्ड बनाकर ऑनलाइन फॉर्म भरना है।। इस पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कंप्यूटर एवं लैपटॉप से किस ढंग से लाइसेंस रिनुअल कर कौन सा फॉर्म अपलोड करना है । इसी तरह ड्रग इंस्पेक्टर आरती नागदेव ने ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए पैन कार्ड, पुराना लाइसेंस एवं रेंट एग्रीमेंट का कॉपी जरूरी होना बताया गया। सभी केमिस्ट को इसके बारे में ध्यान से सीखने की बात कही गई। एडीसी राजेश क्षत्री ने सभी केमिस्टों को बताया की पुराने सिस्टम की तरह अब लाइसेंस रिन्यूअल नहीं की जाएगी नए सिस्टम में सभी को ऑनलाइन फॉर्म भरना एवं सीखना आवश्यक है । इस कार्यक्रम में नवागढ़ साजा बेरला दाढ़ी खमरिया संबलपुर एवं जिले के सभी केमिस्ट उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश शर्मा एवं आभार प्रदर्शन अनिल चौबे द्वारा किया गया।




---

# विधायक व पूर्व नपा अध्यक्ष ने सीएम से की मुलाकात




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधायक दीपेश साहू एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा शहर के भाजपा नेताओं के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके निवास में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव में जीत के साथ साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों व प्रशासनिक कसावट सहित अन्य विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री साय से मुलाकात के दौरान विधायक श्री साहू के साथ परमेश्वर साहू ओंकार साहू व अन्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

# गुरु के बताए मार्ग पर चलकर भविष्य संवारें बच्चे

**साजा।** विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन शुक्रवार को नगर के मंगल भवन में किया गया। इसमें विधायक ईश्वर साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता हीरालाल साहू, विशेष अतिथि गोवेंद् पटेल जिला पंचायत सदस्य, विशिष्ट अतिथि मूलचंद शर्मा, बिसरु राम साहू, नारद देवांगन लोकेश्वरी साहू, सुनीति ठाकुर, करण साहू, ज्वाला सिंह राजपूत एवं सभी वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी निलेश कुमार चंद्रवंशी ने शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। विकासखंड के अंतर्गत संचालित स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का आंकड़ा प्रस्तुत किया गया। इस दौरान कक्षा पहली, छठवीं एवं नवमी में नव प्रवासी बच्चों को गुलाल लगाकर स्वागत किया और पुस्तकें तथा गणवेश का वितरण किया। विधायक ने कहा कि गुरु ही धरती पर ऐसा प्राणी होता है जो सबको सही दिशा प्रदान करने का प्रयास करता है। गुरु के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर हम सब अपने जीवन में अच्छे स्थान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा की गुरु की महिमा इस धरती पर अपार है, जिसने भी गुरु की बातों को अंगीकार किया उनका जीवन हमेशा सफल हुआ। उदबोधन के बीच बीच मे सेजस साजा, कन्या शाला साजा एवं प्राथमिक कन्या साजा के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संकुल समन्वयकों द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। आभार प्रदर्शन बीडी बघेल बीआरसी साजा ने किया। कार्यक्रम का संचालन ईश्वर साहू प्राचार्य परसबोड द्वारा किया गया।






---

# एबीवीपी ने की नवीन कार्यकारिणी गठित



**बेमेतरा।** कैरियर मार्गदर्शन शिविर विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण रहा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई बेमेतरा के कार्यकर्ताओं ने अपनी नवीन कार्यकारिणी 2024-25 का गठन किया। साथ ही विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए कैरियर मार्गदर्शन शिविर का आयोजन भी परिषद ने आयोजित किया। बेमेतरा के नवीन कार्यकारिणी गठन से पहले पूर्व में नगर मंत्री के रूप में निर्वाचित दुर्गेश्वर वर्मा ने अपना मंत्री प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस पश्चात नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष के रूप में प्रोफेसर लक्ष्मी नारायण गुप्ता व नगर मंत्री के रूप में वासुदेव साहू निर्वाचित हुए। नगर सह मंत्री उर्वशी वर्मा, खुशबू साहू व निलेश साहू बने। इसी के साथ अपनी पूरी कार्यकारिणी का गठन विद्यार्थी परिषद ने किया। परिषद वक्त के रूप में आए अभाविप छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांत सह मंत्री तुषार चंद्रवंशी ने विद्यार्थी परिषद की ध्येय यात्रा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अभाविप की यात्रा सतत गतिमान है व छात्र शक्ति के अंदर राष्ट्र भक्ति की भाव को परिषर तक पहुंचने में विद्यार्थी परिषद की महत्वपूर्ण भूमिका है। कैरियर मार्गदर्शन के लिए आए अशोक चंद्रवंशी ने समस्त विद्यार्थियों को मार्गदर्शित करते हुए विद्यार्थियों को उनके भविष्य में आने वाले परेशानियों और उनके समाधान से अवगत कराये। इस अभाविप छग के पूर्व प्रदेश मंत्री मनोज वैष्णवपूर्व प्रांत सेवार्थ विद्यार्थी संयोजक दुर्गेश वर्मा, प्रांत छात्र सह प्रमुख उर्वशी वर्मा, विभाग छात्रा प्रमुख मुस्कान कोठारी एवं विद्यार्थी परिषद के समस्त कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में छात्र समुदाय उपस्थित रहा।

---

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में किया गया

# मुख्यमंत्री ने मितानिनों के खाते में 90 करोड़ से अधिक की राशि डाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना पर काम करना शुरू कर दिया है और इसकी शुरूआत स्वस्थ छत्तीसगढ़ की बात के साथ की है। मुख्यमंत्री श्री साय ने शुक्रवार राजधानी रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में राज्य भर से आईं हुई हजारों मितानिन बहनों के सामने कहा कि उनकी सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ काम कर रही है और वो राज्य मे सुशासन की राह पर आगे बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि उनके इस सफर में राज्य भर में काम कर रही लगभग 72 हजार मितानिन बहनों का भी अमूल्य योगदान है जिनके दम पर राज्य मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में अभूतपूर्व सुधार हासिल करने मे कामयाब हुआ है। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने मितानिन बहनों को नवा सौगात देते हुए उन्हें हर माह उनके प्रोत्साहन राशि को सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर करने की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर राज्य स्तर से मितानिन प्रोत्साहन राशि का सीधे बैंक खाते में अंतरण किया।

जिला मुख्यालय बेमेतरा में इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला चिकित्सालय एवं सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी किया गया । इस अवसर पर ज़िला चिकित्सालय में ज़िले के करीब 50 मितानिन सम्मिलित हुए उनमें से 5 मितानिनों को उत्कृष्ठ कार्य हेतु प्रशस्त्री पत्र जनप्रतिनिधियों ने प्रशस्ति पत्र देकर मितानिन दीदियों को सम्मानित किया गया। महतारी वंदन योजना की तर्ज पर सभी मितानिनों के खाते में एक साथ प्रोत्साहन राशि आने की सुविधा से सभी मितानिनो की खुशी की लहर दिखी साथ ही इससे प्रोत्साहन वितरण में और अधिक पारदर्शिता होगी।



### ये रहे उपस्थित

जिला चिकित्सालय के इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों रामानंद त्रिपाठी जिला संयोजक सांकृतिक प्रकोष्ट, प्रफुल्ल शर्मा जिला संयोजक जन सूचना अधिकार प्रकोष्ठ, नीतू कोठारी पार्षद,नीलू राजपूत पार्षद के साथ सीएमएचओ डॉ संत राम चुरेंद्र सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे ।

